हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 जुलाई 2024

04 जीप-मोटरसाइकिल भिड़ंत में दो की मौत, एक...



07 हृदय रोग से पीड़ित बेटी का ऑपरेशन कराने के...





### औषधीय पौधों को रोपित करने का लिया संकल्प

# नर्मदांचल वासियों ने धरा को हरा भरा बनाने को किया पौधरोपण

नर्मदा तट एवं नर्मदांचल की धरा को हरा भरा बनाने के लिए जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में शासकीय संस्थानों के अलावा सामाजिक संगठनों और प्रकृति प्रेमियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने वनमंडल नर्मदापुरम अंतर्गत वन परिक्षेत्र बानापुरा के परिसर पश्चिम नयागांव, पीपलगोटा कक्ष क्रमांक आरएफ 8 रकबा 50 हे. क्षेत्र में शनिवार को पीपल का पौधा लगाकर एक पेड मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अनिल कुमार शुक्ला मुख्य वनसंरक्षक नर्मदापुरम एवं मयंक सिंह गुर्जर, वनमंडल अधिकारी नर्मदापुरम के द्वारा विभागीय कार्यो एवं वन सुरक्षा के संबंध में आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में संयुक्त उपायुक्त विकास जीसी दोहर, मती सरोज सिंह परिहार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी मालवा, अनिल विश्वकर्मा, उप वनमंडल अधिकारी, श्रुती चौधरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी मालवा, राकेश खजुरिया तहसीलदार, ज्ञानसिंह पंवार, परिक्षेत्र अधिकारी बानापुरा एवं सु वंदना मेहतो, वन परिक्षेत्र अधिकारी सिवनी मालवा के साथ वन विभाग, राजस्व विभाग एवं जनपद पंचायत के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों द्वारा एक-एक पौधा रोपित किया गया। संभागायुक्त तिवारी द्वारा सभी अधिकारियों से उनके विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी ली गई एवं आवश्यक निर्देश दिए। संभागायुक्त तिवारी ने एसडीएम एवं सीईओ जनपद पंचायत को एक पेड़ माँ के नाम अभियान की तैयारियों, जल गंगा अभियान के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।




### आयुक्त कार्यालय में आज होगा पौधरोपण

युक्त कार्यालय परिसर में 7 जुलाई को प्रातः 6 बजे पौधरोपण किया जाएगा। संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी एवं सभी संभागीय अधिकारी तथा प्रभारी अधिकारी 1 पेड मां के नाम के तहत पौधरोपण करेंगे। सभी संभागीय एवं प्रभारी अधिकारियों को प्रातः 6 बजे अपने साथ एक-एक पौधा लाने के निर्देश दिए गए है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि पौधरोपण करने के बाद वायुदूत एप मोबाइल फोन में अपने लगाएं पौधों के साथ फोटो इंस्टॉल करें।

### जनप्रतिनिधियों ने एक पेड मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

*पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने हेतु सभी व्यक्तियों को एक पेड अवश्य लगाना चाहिए। एक पेड मां के नाम अभियान के तहत जगह-जगह अपार उत्साह से पौधरोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आम जनता आगे आकर पौधरोपण कर रही है और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है।*



### विशेष वृहद पौधारोपण कार्यक्रम एवं विधिक साक्षरता शिविर हुआ आयोजित



*मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में एवं माननीय अध्यक्ष / प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश के निर्देश पर शशि सिंह, सचिव / जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के माध्यम से पंच-ज अभियान के अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त तक कुल 72 दिन तक वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।*

## राहुलदेव बर्मन व मदन मोहन के तरानों से कलाकारों ने दी स्वरांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



म्यूज़िक ज़ोन संगीत समूह द्वारा हिंदी फिल्मों के सुप्रसिद्ध संगीतकार राहुल देव बर्मन व मदनमोहन के जन्म दिवस पर उनके अविस्मरणीय गीतों की प्रस्तुति इंग्लिश जोन, मोरछली चौक सभागार में आयोजित कार्यक्रम ये दोस्ती दिल ढूँढता है संगीत साधकों ने दी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. वैभव शर्मा, संगीतकार राम परसाई, डॉ नमन तिवारी व जनपद पंचायत सीईओ हेमंत सूत्रकार, इटारसी से पधारे भारत भूषण गांधी ने मां सरस्वती के चित्र पर मंत्रोच्चार के बीच पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया। ततपश्चात सुप्रसिद्ध गायक, संगीतकार डॉ नमन तिवारी ने बड़े अच्छे लगते हैं, लग जा गले, ये दुनिया ये महफिल, गुलाबी आंखें, चला जाता हूँ किसी की धुन में और श्रोताओं की विशेष फरमाइश पर डोली में बैठाइके कहार गीत गाए। असीम विस्वास ने मुसाफिर हूँ यारो, दिल ढूँढता है, चिंगारी कोई भड़के, आज उनसे पहली, जाने क्या सोचकर नही गुजरा जैसे अमर गीत गाये। कार्यक्रम के सूत्रधार सईद क़ुरैशी ने सुहानी चांदनी रातें, आपके पहलू में आके, हेमन्त सूत्रकार ने मेरी भीगी भीगी सी, रात कली इक ख्वाब में आई, बृजभूषण गांधी ने कभी न कभी कहीं न कहीं आदि ने समां बांध दिया। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन सईद कुरैशी ने किया। आभार बलराम सेन ने व्यक्त किया।

### एक पेड मां के नाम अभियान में सहभागिता निभाकर नागरिक वायुदूत एप में पंजीयन कर सकेंगे

**नर्मदापुरम।** पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने हेतु सभी नागरिकों को 1 पेड़ आवश्यक लगाना चाहिए। एक पेड मां के नाम अभियान में आम नागरिक अपनी मां के नाम से एक पेड लगाकर फोटो सहित वायुदूत एप में पंजीयन कराकर वायुदूत एप में भेज सकते है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे एक पेड मां के नाम लगाकर वायुदूत एप में अपना पंजीयन कराएं। पंजीयन कराने के लिए गूगल प्ले स्टोर/एपल स्टोर से वायुदूत (अंकुर) एप को डाउनलोड करें।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेक्टर स्तरीय बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक एच के शर्मा द्वारा परियोजना नर्मदापुरम शहरी के सेक्टर वार्ड 27 से वार्ड 33 की सेक्टर स्तरीय बैठक ग्वालटोली में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 31/3 में ली गई। श्री शर्मा द्वारा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन संपर्क ऐप में अपनी उपस्थिति समय पर दर्ज करना सुनिश्चित करें एवं अन्य एंट्री भी करना सुनिश्चित करें। श्री शर्मा द्वारा विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के संबंध में समीक्षा की गई एवं लक्ष्य पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया। पोषण ट्रेकर में प्रतिदिन एंट्री करे एवं शारीरिक माप की सही सही एंट्री पोषण ट्रेकर में करना सुनिश्चित करे। महिलाओं के लिए नए कानून के संबंध में भी चर्चा की गई एवं आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खोलने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में साफ सफाई और रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया गया।

शर्मा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी गई एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कहा गया कि टीएचआर का मीनू परिवर्तन होना चाहिए। शर्मा द्वारा परियोजना अधिकारी नर्मदापुरम शहरी को निर्देशित किया बच्चों को एनआरसी में भर्ती संबंधी आ रही समस्याओं का निराकरण कराए।

## सीवरेज परियोजना के तहत कार्यशाला आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा नर्मदापुरम में पर्यावरण, समुदाय, स्वास्थ्य, सुरक्षा और श्रमिक प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर चीफ रेजिडेंस इंजीनियर रिचर्ड मान ने निर्माण क्षेत्र में सुरक्षा आवश्यकताओं के विषय में जानकारी दी, वही अनुज दीक्षित, हेमंत खरे, सुश्री छाया खले ने विषय विशेषज्ञ के तौर पर बिंदुवार प्रेजेंटेशन दिया। सामुदायिक विकास अधिकारी अपराजिता मिश्रा ने परियोजनाओं में शिकायत निवारण के प्रबंधन पर जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में परियोजना प्रबंधक एस.के उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है की नर्मदापुरम में जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू के सहयोग से सीवरेज परियोजना का कार्य किया जा रहा है।

### फांसी लगाने से युवक की हुई मौत

**नर्मदापुरम।** शहर के शनिचरा वार्ड नं. 2 जगदीश पुरा निवासी एक 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार जगदीशपुरा निवासी 18 वर्षीय ककुस्थ दुबे पिता राघवेन्द्र दुबे ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर जांच विवेचना के बाद जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया है।

### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से युवक को चोट

**नर्मदापुरम।** शहर के बालागंज क्षेत्र के पास स्थित फूंटा कुआं के समीप एक लाल रंग की महिन्द्र ट्रैक्टर चालक ने तेज गति और लापरवाही पूर्वक बालागंज निवासी नितिन मेषकर को टक्कर मार दी जिससे फरियादी को चोट आई है। कोतवाली पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर ट्रेक्टर चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

## समेरिटंस में एनसीसी बालिकाओं की हुई भर्ती




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

5 एमपी गर्ल्स बटालियन से संबद्ध समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल नर्मदापुरम में आज कमान अधिकारी कर्नल दिनेश कनौजिया के निर्देश पर समेरिट्स निर्देशक डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव की उपस्थिति में 50 जूनियर विंग की एनसीसी केडिट्स की भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई।

जिसमे सर्वप्रथम 200 मीटर दौड़ आयोजित हुई,बच्चो का कद, वजन लिया गया उसके उपरांत लिखित एवम मौखिक परीक्षा ली गई इस सारी प्रक्रिया को संपन्न कराने में सुबेदार आजाद अहमद, एसोसिएट एनसीसी आफिसर टीओ विजय प्रकाश श्रीवास्तव, हवलदार आमिर असरफ, केयर टेकर आफिसर ममता चौहान ने पूरा सहयोग प्रदान किया।

## बारिश के पानी में झरने का लुफ्त...



**पचमढ़ी।** बरसात के मौसम में भी पचमढ़ी में पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। देश भर से पर्यटक बरसात के मौसम का लुत्फ़ उठाने पचमढ़ी आ रहे है।

## धरती मां को ओढ़ाएं हरियाली चुनरी : सांसद




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जारी एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शनिवार को वार्ड नं 14 के बूथ क्रमांक 112 पर गुरुगोविंद सिंह पार्क में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया एवं उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

इस दौरान जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण भी किया गया। पौधरोपण अभियान में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि धरती मां को पौधारोपण के माध्यम से हरियाली चुनरी उड़ने का काम हम सभी को करना है। हम सभी को अपनी माँ के नाम पौधे लगाकर इनके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प सभी लेंगे तो इस पौधरोपण अभियान की सार्थकता होगी। पौधरोपण में नीम , पीपल , जामुन, आंवला , पारिजात, आम के पौधे लगाए गए।

### गुप्त नवरात्र में हुई प्राण प्रतिष्ठा


# सिद्धिदात्रि माता का हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर विवेकानंद घाट पर मां सिद्धिदात्री की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने जा रही है । आचार्य सोमेश परसाई की प्रेरणा से ज्योति दीक्षित एवं श्री राम कृष्ण दीक्षित के द्वारा आचार्य पंकज पाठक के कुशल निर्देशन में कलश यात्रा शोभा यात्रा हिमाद्रि संकल्प तथा भगवती के अन्नाधिवास शैय्याधिवास फलादिवासी पुष्पाधिवास मूर्तिन्यास दिव्य औषधि स्नान महास्नान सहित अनुष्ठान सम्पन्न हुए । रविपुष्य के विशेष योग मे प्राण प्रतिष्ठा हवन पूर्णाहूति सम्पन्न होगी ।। जबलपुर से लायी गयी मां दुर्गा के सिद्धिदात्री रूप जोकि मनोकामना पूर्ण करने वाली है साथी सिद्धिदायक स्वरूप है नर्मदापुरम मे अद्भुत स्वरूप की प्रतिमा स्थापित हो रही है जिसकी चर्चा पूरे नगर मे है। आचार्य पं. सोमेश परसाई ने बताया कि वर्ष भर में आने वाली गुप्त नवरात्र में माता के सभी 9 स्वरूपों की उपासना और आराधना करने से मनवांछित फलों की कामना होती है। उन्होंने समस्त धर्म प्रेमियों से गुप्त नवरात्र में माता रानी की आराधना और हवन पूजन करने की बात कही है।



## रथयात्रा निकलने से पहले बनवाई पुलिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देश पर नगर में चहुंओर विकास कार्य द्रुतगति से किए जा रहे हैं। नगर में निकलने वाली प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा से पहले नपाध्यक्ष यादव के निर्देश पर महावीर टाकिज के सामने टूटी पुलिया को बनवाया गया है। वार्ड पार्षद राजेंद्र उपाध्याय के वार्ड में स्थित महावीर टाकीज के पास पुलिया टूटी हुई थी जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी होती थी।

स्थानीय नागरिकों की मांग पर तत्काल उसे बनाया गया है। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बताया कि नगर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकलेगी। जिसका पड़ाव महावीर टाकीज स्थित परिसर में होता है। वहां की पुलिया टूटी हुई उसे द्रुतगति से बनवाया गया है।

### आयुष विभाग द्वारा किया जा रहा औषधी वितरण

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय आयुष मिशन योजना के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय गतिविधी अन्तर्गत संचालनालय आयुष भोपाल के आदेश अनुसार प्रभारी जिला आयुष अधिकारी नर्मदापुरम डाक्टर विमला गढ़वाल के निर्देशन में आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत सभी आयुष संस्थाओं द्वारा घर घर जाकर वर्षा ऋतु संबंधी स्वास्थ्य दिशा निर्देश आयाम रोगानुसार आयुष औषधि वितरण कार्य किया जा रहा है।

### समय सीमा की बैठक होगी 10 जुलाई को

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभागायुक्त श्री कृष्ण गोपाल तिवारी मंगलवार 10 जुलाई को आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेंगे। सभी संभागीय अधिकारियों एवं जिले के प्रभारी अधिकारियों को अद्यतन जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

**खबर संक्षेप**

### पुलिस ने बरामद की चोरी की मोटरसाइकिल

**बैतूल।** मुकेश ने रिर्पोट की थी की थी कि पुलिस ग्राउंड गेट के सामने से उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। रिर्पोट पर थाना गंज में दर्ज कर विवेचना में लिया। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर दो विधि विरूध्द अपचारी बालकों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कि गई। बालकों से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की जाकर गिरफ्तार कर माननीय किशोर न्यायालय में पेश किया गया है।

### मारपीट की घटना की उच्चस्तरीय जांच हो

**बैतूल।** चोपना क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर चोपना क्षेत्र में हुए विवाद की उच्चस्तरीय जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम चोपना-2 के निवासियों का आरोप है कि शुभंकर, सुशंकर, सूरज पिता निखल तथा अनारती पति शुभंकर, ममता पति निखिल द्वारा गांव में झूठी शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं और ग्रामीणों को धमकाया भी जा रहा है। ज्ञापन में इन लोगों ने आरोप लगाया है कि यह परिवार सरकारी भूमि को लेकर विवाद उत्पन्न कर रहा है। जिन व्यक्तियों के नाम पर झूठी शिकायतें दर्ज कराई गई हैं वे उस स्थान पर उपस्थित भी नहीं थे। ग्रामीणों के अनुसार उक्त परिवार ने गांव के लोगों को गाली-गलौज की और पत्थरबाजी भी की है।

### आशा कार्यकर्ता के साथ युवक ने की मारपीट

**शाहपुर।** ग्राम बीजादेही की आशा कार्यकर्ता रजनी यादव के ग्राम भ्रमण के दौरान दीपक यादव ने मारपीट और गाली गलौज की। पुलिस चौकी में रिपोर्ट हुई है। फरियादी का आरोप है कि पुलिस उस पर बयान बदलने के लिए दबाब बना रही है। अपराधी खुले घूम रहे हैं। रजनी यादव पर दबाव बनाने का आशा तथा सहयोगी संगठन उषा ने विरोध कर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

### छात्रों को जेईई, नीट क्लेट की फ्री कोचिंग

**सीहोर।** जनजातीय विद्यार्थियों को जेईई, नीट और क्लेट सहित अन्य परीक्षाओं की कोचिंग फ्री दी जाएगी। यह कोचिंग इंदौर, भोपाल और जबलपुर में होगी। जनजातीय कार्य विभाग ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आकांक्षा योजना बनाई है। योजना के तहत 10वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। विद्यार्थियों का कोचिंग संस्थान की प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर चयन होगा। योजना के तहत 2024-25 में राज्य स्तर पर प्रवेश परीक्षा में 400 विद्यार्थियों का चयन जेईई के लिए किया जाएगा। जेईई की कोचिंग भोपाल, नीट की कोचिंग इंदौर और क्लेट की कोचिंग के लिए जबलपुर को चुना है। नीट और क्लेट में 200-200 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

### बैंक में 2700 पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर।** पंजाब नेशन बैंक में अप्रेंटिस के 2 हजार 700 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार 14 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा 27 जुलाई को होगी। उम्मीदवार का ग्रेजुएट होना जरूरी है। जिस राज्य के लिए आवेदन जमा किया हो वहां की स्थानीय भाषा लिखना-पढ़ना, बोलना और समझना जरूरी है। आयु सीमा 20 से 28 वर्ष है। चयन ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, लोकल लैंग्वेज टेस्ट, मेडिकल टेस्ट और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन से होगा।

### आईटीबीपी : 112 पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में हेड कांस्टेबल (एजुकेशन एंड स्ट्रेस काउंसलर) के 112 पदों पर भर्ती होगी। उम्मीदवार पर 7 जुलाई से आवेदन कर सकेंगे। आखिरी तारीख 5 अगस्त है। उम्मीदवार के पास साइकोलॉजी के साथ डिग्री होना चाहिए। बैचलर ऑफ एजुकेशन या बैचलर ऑफ टीचिंग डिग्री भी जरूरी है। आयु सीमा 20 से 25 वर्ष तय की गई है। इसके साथ ही भारतीय वायुसेना (अग्निवीर) के लिए ऑनलाइन आवेदन भी 8 जुलाई से शुरु होंगे। इच्छुक आवेदन 28 जुलाई तक पर पंजीयन करा सकते हैं।

---

मुख्यमंत्री ने बहनों और किसानों भाइयों के खाते में डाली राशि

# जिले में लाड़ली बहनों को 33 करोड़ व किसानों को 45 करोड़ खातों में अंतरण

## बैतूल जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष और कलेक्टर की उपस्थिति में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में जिले के 2 लाख 26 हजार किसानों के खाते में 45 करोड़ 22 लाख अंतरित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने टीकमगढ़ जिले के ग्राम छिपरी से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत दी जाने वाली आर्थिक सहायता की पहली किस्त के रूप में 1630 करोड़ की राशि प्रदेश के 81 लाख किसानों के खाते में अंतरित की। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने लाडली बहना योजना एवं उज्जवला योजना के तहत लाभार्थी बहनों को गैस रिफिल अनुदान भी वितरित किए। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कलेक्टोरेट के सभागार में देखा व सुना गया। इस अवसर पर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन, एडीएम राजीव नंदन श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद सहित लाभान्वित हितग्राही उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना

कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 6 हजार रुपए की राशि किसानों को तीन किस्तों में प्रदाय की जाती है। योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 की प्रथम किस्त 2 हजार रुपए प्रति किसान से जिले के 2 लाख 26 हजार 146 हितग्राहियों को 45 करोड़ 22 लाख 92 हजार की राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा किया गया। इसमें बैतूल विधानसभा के 50547 हितग्राहियों को 10 करोड़ 10 लाख 94 हजार, भैंसदेही विधानसभा के 37957 हितग्राहियों को 7 करोड़ 59 लाख 14 हजार, मुलताई विधानसभा के 52974 हितग्राहियों को 10 करोड़ 59 लाख 48 हजार, आमला विधानसभा के 31544 हितग्राहियों को 6 करोड़ 30 लाख 88 हजार एवं घोड़ाडोंगरी विधानसभा के 53124 हितग्राहियों को 10 करोड़ 62 लाख 48 हजार की राशि अंतरित की गई।

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिले की 2 लाख 76 हजार 705 लाभार्थी बहनों को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने 33 करोड़ 54 लाख 93 हजार 450 रूपए का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत मार्च 2024 तक जिले की कुल 49135 लाड़ली बहनाओं के खाते में गैस रिफिल अनुदान की राशि 75 लाख 10 हजार 990 रूपए वितरित की गई।


### तहसील एवं ग्राम पंचायतों में लाइव प्रसारण

जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम वर्चुअली प्रोजेक्टर बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना गया। इन प्रसारण की व्यवस्था ग्राम पंचायतों में भी सुनिश्चित की गई।

---

तेज रफ्तार का कहर

# जीप-मोटरसाइकिल भिड़ंत में दो की मौत, एक गंभीर घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

साप्ताहिक बाजार हाट कर अपने गांव लौट रहे तीन लोगों की जीप और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत में दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सोमवार शाम कोलगांव के पास सड़क हादसा हुआ जिसमें सालारजुन गांव के रहने वाले राजा पांसे (18), मलाई बाई पति धनराज (30) और अंजलि धनराज शामिल थे। तीनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव सालारजुन लौट रहे थे। तभी आठनेर की तरफ से तेज गति से आ रही जीप से उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि जीप का बोनट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मोटरसाइकिल का सामने का पहिया निकलकर दूर जा गिरा। राजा पांसे और मलाई बाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर की वजह से मलाई बाई 15 फीट की ऊंचाई तक उछल गई और सिर में चोट आने के कारण उसकी तत्काल मौत हो गई। हादसे के बाद जीप का चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय पेट्रोल पंप के मालिक भानुप्रताप आवठे और हिडली के जिला पंचायत सदस्य रामचरण इरपाचे ने बताया कि टक्कर इतनी भयानक थी कि घटनास्थल पर ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस हादसे में अंजलि धनराज को गंभीर चोटें आई हैं। उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

---

# जिला न्यायाधीश और वरिष्ठ अफसरों ने किया फलदार पौधों का रोपण, कहा- महत्व समझें

## बारिश में एक पेड़ मां की स्मृति में लगाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए व्यापक पौधरोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत नागरिकों को वर्षा ऋतु में एक पेड़ अपनी मां की स्मृति में लगाने का आह्वान किया गया है। इसी क्रम में जिला न्यायाधीश प्रवेश कुमार प्राण ने वन विश्राम गृह बैतूल परिसर में फलदार पौधे का रोपण किया। पौधरोपण के बाद पौधे का वायुदूत एप के माध्यम से अपलोड कर रजिस्टर किया गया, ताकि लगाए गए पौधे का समय-समय पर मूल्यांकन किया जा सके।

जिला न्यायाधीश ने नागरिकों से अपील की कि पेड़ों को केवल उनकी आर्थिक या भौतिक आवश्यकता से न देखें बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी उनका महत्व समझें। इस दौरान वन संरक्षक वन वृत्त बैतूल पीएन मिश्रा, वनमंडलाधिकारी दक्षिण बैतूल



वनमंडलाधिकारी, श्रेयस श्रीवास्तव, उपवनमंडलाधिकारी आमला, बीरेन्द्र कुमार पटेल, एवं प्रशिक्षु, अधिकारी विनोद जाखड़, नीरज निश्चल, अक्षत जैन, अनुदेशक वन विद्यालय बैतूल विजयानन्तम टीआर, वनमंडलाधिकारी पश्चिम बैतूल वरुण यादव, वनमंडलाधिकारी उत्पादन सचिन एन, उप तरुणा वर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी बैतूल खुशाल सिंह बघेल एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### बैतूलबाजार नपा परिषद ने रोपे पौधे



बैतूल। बैतूलबाजार नगर परिषद ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया। जिसके अंतर्गत नगर परिषद द्वारा नगर परिषद के मंगल भवन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम पार्षद विनीत बारमासे, राजेंद्र पवार, मुख्यनागर पालिका अधिकारी विजय तिवारी, उप यंत्री पंकज धुर्वे,साहेब राव पंडाग्रे,हेमन्त महाले सहित परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।

### वायुदूत एप में अपलोड करें पेड़ लगाने का फोटो

**सीहोर।** पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में 15 जुलाई तक पौध रोपण किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान से जिले के अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़कर पर्यावरण संरक्षण और धरती को बचाने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाएं। कलेक्टर ने कहा कि जहां पर पौध रोपण के सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं वहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए पौध रोपण से पहले पौधा रोपण करने वाले व्यक्ति के मोबाइल पर वायु दूत ऐप डाउनलोड कराएं और पौधा रोपण के पश्चात एप पर फोटो अपलोड कराएं। वीसी में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में 50 हजार से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। हर विभाग को पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 50 पौधे तथा प्रत्येक नगर पालिका परिषद को 500 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। उद्यानिकी विभाग को 5 हजार पौधे, जन अभियान परिषद को 10 हजार पौधे रोपेंगे।

---

कंपनी ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# बैतूलबाजार में 9 बिजली कनेक्शन काटे, 41 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**बैतूल।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड ने बैतूल बाजार में बिजली चोरी रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार, 5 जुलाई को कंपनी ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया, जिसके तहत घरेलू और औद्योगिक विद्युत कनेक्शनों की सघन जांच की गई। इस अभियान के दौरान अनियमितताओं का खुलासा हुआ, जिसमें 9 कनेक्शनों को बिजली चोरी के मामले में तुरंत काट दिया गया। इसके अलावा, 17 मामलों में प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, बैतूल बाजार थाना में कुल 41 एफआईआर की संख्या पहुंच गई है। इन मामलों में आठ लोगों ने कुल 1.33 लाख रुपये की राशि जमा कराई।

### घरेलू और औद्योगिक कनेक्शनों की हुई जांच..

चेकिंग अभियान के दौरान, कंपनी ने घरेलू और औद्योगिक कनेक्शनों की बारीकी से जांच की। बिजली चोरी और अन्य अनियमितताओं की पहचान की गई और तुरंत कार्रवाई की गई। कंपनी ने यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया है




कि सभी उपभोक्ता सही तरीके से बिजली का उपयोग करें और किसी भी प्रकार की चोरी न हो। कंपनी ने जनता को चेतावनी दी है कि बिजली चोरी एक गंभीर अपराध है और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कंपनी के अधिकारियों ने यह भी कहा कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि बिजली चोरी पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

---

# 2 साल से जमीन के लिए भटक रहा रिटायर्ड फौजी:तहसीलदार ने पक्ष में सुनाया था फैसला

**सीहोर।** भूतपूर्व सैनिक मांगीलाल चंद्रवंशी की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। अब पीड़ित न्याय के लिए 2 साल से राजस्व विभाग का चक्कर काट रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पीड़ित चंद्रवंशी ने कलेक्टर से मुलाकात कर आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि सीहोर के ग्राम बड़नगर में उसकी 5 एकड़ कृषि भूमि है। जिस पर एक व्यक्ति ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। साथ ही पिछले 25 साल से वह खेती भी कर रहा है।



मामले को लेकर मांगीलाल चंद्रवंशी ने बताया कि जब भारतीय सेना से रिटायर हुए तब सरकार ने बड़नगर में 3 सैनिकों को 5-5 एकड़ कृषि भूमि दी थी। मेरे नाम पर खसरा नंबर 26/4 आवंटित हुई, जिसका पट्टा मुझे दिया गया था। स्वास्थ्य खराब होने की वजह से मैं अपनी भूमि पर नहीं जा सका। इसकी शिकायत मैंने अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार से की थी। उन्होंने 2022 में मेरे पक्ष में फैसला सुनाया था। लेकिन अभी तक मुझे कब्जा नहीं मिला है। बताया कि वर्ष 1971 के युद्ध में वह शामिल थे। कहा कि देश के खातिर अपनी जान दांव पर लगाने वाले भूतपूर्व सैनिक को अपने ही देश में जीवन यापन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। चंद्रवंशी ने बताया कि 1980 में रिटायरमेंट के बाद उन्हें जमीन का पट्टा मिला था। बीमारी के चलाते वह जमीन पर नहीं जा सके। एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया।

### भूतपूर्व सैनिक ने मंत्री से भी लगाई न्याय की गुहार

भूतपूर्व सैनिक मांगीलाल ने जमीन से कब्जा छुड़ाने के लिए राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से भी न्याय की गुहार लगाई है। पूर्व में मंत्री ने भी जिला प्रशासन के अधिकारियों को जमीन का कब्जा दिलाने के लिए निर्देश दिए थे। लेकिन कब्जाधारी ने जमीन पर फिर कब्जा कर लिया। इस विषय में मंत्री ने भी कब्जाधारी के प्रति कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। इस बारे में एसडीएम सीहोर तन्मय वर्मा ने बताया कि इस समय जमीन से काफी शिकायतें आ रही हैं। मेरी जानकारी में मामला नहीं है, जांच करा लेता हूं।

---

# 40 क्विंटल मूंग किसानों से खरीदने की मांग

## भारतीय किसान संघ ने सौंपा दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

**सारनी।** ग्रीष्मकालीन मूंग के समर्थन मूल्य की खरीदी नीति 2024 के संबंध में भारतीय किसान संघ ने शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम घोड़ा डूंगरी तहसीलदार महिमा चौधरी को ज्ञापन शॉप कर किसने के मूंग को 40 क्विंटल तक खरीदने की मांग की गई है।

भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष अशोक पटेल एवं भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हजारीलाल विश्वकर्मा ने बताया कि भारतीय किसान संघ एक अखिल भारतीय गैर राजनीतिक राष्ट्रवादी किसानों का संगठन है किसने की ग्राम स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के छोटी बड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए संघ कार्य करता है। उन्होंने बताया कि शासन के द्वारा वर्तमान में जो ग्रीष्मकालीन मूंग की



समर्थन मूल्य की खरीदी नीति जारी की गई है जिसमें वर्ष 2023 की तुलना में इस वर्ष 4 क्विंटल कम खरीदी की जा रही है,उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष प्रति हेक्टर 12 क्विंटल खरीदी की गई जबकि नई नीति के अंतर्गत इस आंकड़े को घटकर प्रति हेक्टर 8 क्विंटल मूंग कर दी गई है। जिससे प्रदेश के किसानों का ही नहीं बल्कि लगातार सात बार कृषि अवार्ड प्राप्त करने वाले प्रदेश का अपमान होता दिखाई दे रहा है। ऐसी स्थिति में वर्ष 2023 की जो नीति थी प्रति हेक्टेयर 12 क्विंटल मूंग खरीदी उसे बरकरार रखना चाहिए। इसके अलावा वर्तमान मूंग खरीदी की नीति में किसानों का तौल भी बड़े प्लेन काटो से किया जाए जिस तरह से व्यापारी एवं वेयरहाउस के मालिकों की उपज के बड़े तौल कटे से किया जाता है। इसी तरह किसानों का भी तौल बड़े प्लेन कटे से किया जाना चाहिए भारती किसान संघ के जिला अध्यक्ष अशोक पटेल ने कहा कि वर्तमान नीति में प्रत्येक किसानों से 25 क्विंटल प्रतिदिन खरीदी की जा रही है जिसे बढ़ाकर 40 क्विंटल प्रतिदिन मूंग की खरीदी की जानी चाहिए जिससे किसानों को हो रही अतिरिक्त परेशानी से निजात मिलेगा उन्होंने बताया कि एक ट्रैक्टर ट्राली में 40 क्विंटल मूंग रखकर सोसाइटी में ले जाने की क्षमता है और एक बार किसानों से 40 क्विंटल मूंग की खरीदी होगी तो किस को अनावश्यक बार-बार कृषि केंद्र पर आकर परेशान होने से निजात मिलेगी उन्होंने तहसीलदार को सौंप ज्ञापन में कहा कि यदि भारतीय किसान संघ की मांगों को नजरअंदाज किया गया।

---

री यूनियन, यूएसए पुणे बनारस, कोरबा से घोड़ाडोंगरी पहुंच लोग

# 31 वर्ष बाद मिलेंगे पुराने दोस्त, ताजा होंगी स्कूल की यादें

**सतपुड़ा स्कूल के 1993-94 पास आउट्स बैच का कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

सतपुड़ा हायर सेकंडरी स्कूल के 1993-94 पास आउट बैच में अध्यनरत रहे पुराने दोस्त आज घोड़ाडोंगरी में आयोजित री यूनियन में फिर एक साथ दिखेंगे। इस री यूनियन को सहपाठियों का स्नेह मिलन समारोह नाम दिया गया है। इस समारोह में शामिल होने के लिए यूएसए से भी एक पूर्व छात्रा घोड़ाडोंगरी आ रही है। इसके सहित देश के पुणे,बनारस,कोरबा सहित प्रदेश के कई स्थानों से इस स्कूल के उक्त बैच में पढ़े पूर्व छात्र छात्राओं का घोड़ाडोंगरी पहुंचने का सिलसिला दो दिन पूर्व से ही शुरू हो चुका है। री यूनियन का आयोजन राठौर लॉन में किया गया है। जिंदगी के अनुभव साझा करेंगे पुराने दिनों की याद ताजा करेंगे

आयोजन में सबसे पहले उक्त बैच में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। तत्पश्चात दिन भर गीत संगीत के कार्यक्रम और मिलन समारोह होगा। मिलन समारोह में शिरकत करने वाले सभी पुराने दोस्त जिंदगी के अनुभव साझा करेंगे और पुराने दिनों की याद ताजा करेंगे। आयोजन की तैयारियों में जुटी शालू अरोरा,गुरमीत खनूजा,रीनू सलूजा, संगीता साहू ने बताया की आयोजन को लेकर सभी छात्रों द्वारा पिछले तीन माह से जबरदस्त तैयारियां की गई हैं। छात्र-छात्रा ग्रुप बनाकर अपने शिक्षकों को निमंत्रित करने उनके निवास तक पहुंचे।



### ये सब कभी सब साथ-साथ पढ़ते थे

*सतपुड़ा स्कूल के 1993-94 पास आउट बैच के विद्यार्थी इन दोनों देश-विदेश के विभिन्न शहरों में निवास कर रहे हैं। उनमें से अधिकांश लोग इस री यूनियन में प्रतिभागी के रूप में शिरकत कर रहे हैं। री यूनियन में यूएसए से श्वेता केसरी,पुणे से जसमीत कौर रिंकी, बनारस से चित्रांशी सिंह, कोरबा से सविता राखी शर्मा, नागपुर से सरिता शालू अरोरा,रनदीप कौर सलुजा,इंदौर से गुरमीत कौर नीतू और लवली सलूजा अन्य स्थानों से संगीता साहू,सीमा शर्मा, मनीषा साहू, प्रीति महतो, सविता गावंडे, प्रतिभा महतो, सुनीता पाटिल, नीतू पंवार, दिलीप पाटिल, शशिकांत सिंह, निलकेश सिंह, दिलीप त्रिपाठी, आलोक महाजन, विकास अग्रवाल, रूपेश गांवडे, विशाल बत्रा, अनिता पंवार, सुभाष अग्रवाल, ज्ञानराव बर्डे,आशीष अग्रवाल,पीयूष वर्मा, स्वाती वर्मा,विराज मालवीया, ममता वर्मा, सूरज अतुलकर, दुष्यंत महाले, रामकुमार मालवी, अरुण पंवार, प्रफुल मिगलानी, राकेश मालवीय, देवीप्रसाद जैसवाल, राजेन्द्र वर्मा आदि पूर्व छात्र-छात्रा शिरकत कर रहे हैं। यह सभी छात्र-छात्रा 1993ज्ञ्94 के बैच में सतपुड़ा स्कूल में साथ पढ़ते थे।*

---

### हलहारिणी अमावस्याः नर्मदा में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, गरीबों को बांटी भोजन प्रसादी

हरिभूमि न्यूज : भैरुंदा

भैरूंदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बाबरी में हलहारिणी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने बाबरी घाट पहुंचकर स्नान किया। यहां तिलाड़िया, महागांव, झागर, दिगवाड़, श्यामू गांव, चांदपुरा, आगरा, सतराना गांवों से लोग बाबरी घाट पर पहुंचे। बाबरी घाट के शिव मंदिर के पुजारी कैलाश दुबे ने बताया कि यहां पर स्नान करने का विशेष महत्व है। इस स्थान का वर्णन शिव महापुराण में भी किया गया है, इस स्नान घाट को बरबेशर महादेव के नाम से जाना जाता था, जो कि आज नर्मदा घाट बाबरी के नाम से जाना जाता है। शुक्रवार को हलहारिणी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर दान किया। साथ ही निःशक्त जन को भोजन सामग्री वितरित की गई।

### आरबीएस के डॉक्टर फील्ड से महीनों रहते हैं नदारद, सीबीएमओ नहीं देते ध्यान

# हृदय रोग से पीड़ित बेटी का ऑपरेशन कराने के लिए बमुश्किल राजी हुए परिजन

जन्मजात से हृदयरोग से पीड़ित 10 वर्षीय बालिका का आपरेशन आखिरकार हो ही गया। दरअसल परिजन पहले परेशान होकर बच्ची के आपरेशन के लिए तैयार नहीं थे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोकलबाड़ी की 10 वर्षीय बालिका जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित है। आरबीएस के की टीम द्वारा बालिका के ऑपरेशन के लिए डेढ़ वर्ष पहले शासन की ओर से चिरायु हॉस्पिटल भोपाल में ऑपरेशन करने के लिए एस्टीमेट तैयार किया गया था, परंतु परिवार द्वारा ऑपरेशन के डर से बालिका का उपचार नहीं कराया जा रहा था। मामले की जानकारी लगने के बाद आरबीएसके की टीम के द्वारा परिजनों को समझने के लिए सामाजिक जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों की मदद ली गई। सभी ने मिलकर टीम के साथ शनिवार को ग्राम मोकलबाड़ी पहुंचकर परिजनों को समझाया कि बच्ची का ऑपरेशन समय पर करना कितना जरूरी है। आरबीएसके की टीम और उपस्थित लोगों द्वारा समझाया गया इसके बाद पीड़ित बच्ची के परिजन उपचार के लिए सहमत हो गए।

### आरबीएसके टीम के डॉक्टर नहीं कर रहे फील्ड

ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों को उपचार के लिए चिन्हित करने हेतु शासन द्वारा आरबीएसके की टीम निर्धारित की गई है। जो ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर जन्मजात मूकबधिर , हृदय रोग सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित बच्चों को शासन की मदद से उपचार करने में मदद करती है। सोहागपुर विकासखंड में भी दो आरबीएसके की टीम जो ग्रामीण क्षेत्रों के गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों को उपचार हेतु चिन्हित करती हैं। और उन्हें उपचार दिलाती हैं। शनिवार को मोकलबाड़ी पहुंची आरबीएसके की टीम में केवल डॉक्टर नीलिमा कुशवाहा ही पहुंची। वहीं दूसरे डॉक्टर भारत चौधरी टीम के साथ दौरे पर नहीं पहुंचे। जब मीडिया प्रतिनिधि द्वारा डॉक्टर भरत चौधरी से फोन पर बात की गई तो उनका कहना था कि वह फील्ड पर है छुट्टी पर नहीं है जबकि मीडिया प्रतिनिधि स्वयं टीम के साथ मौके पर उपस्थित था और डॉ चौधरी उपस्थित नहीं थे। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि आरबीएसके के डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्र का दौरा नहीं कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर भरत चौधरी भोपाल में भी किसी प्राइवेट संस्था में जॉब करते हैं जिसके चलते वह फील्ड पर बहुत कम ही देखे जाते हैं। हालांकि हमारी संस्था इस बात की पुष्टि नहीं करती है। इस तरह से डॉक्टर द्वारा अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन न करना शासन के साथ धोखाधड़ी है।

### महीनो से डॉक्टर रहते हैं नदारत....

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कभी आरबीएसके डॉक्टर को फील्ड पर नहीं देखा आरबीएसके ही नहीं, कहीं का डॉक्टर फील्ड पर नहीं दिखाई देता है। इस बात का अंदाजा उपरोक्त बच्ची की बीमारी से लगाया जा सकता है की डेढ़ वर्ष पहले हृदय रोग बीमारी पकड़ में आई थी और टीम अभी तक ऑपरेशन के लिए परिवार को तैयार नहीं कर पाई थी । परिवार ने बताया पिछले डेढ़ वर्षो में कोई भी मिलने नहीं आया, यही नहीं सूत्र बताते हैं डॉक्टर बीच में कभी कभार आते हैं जबकि दो टीम को दो वाहनों की सुविधा मिली है।

डॉक्टर को प्रतिमाह लगभग 60 हजार का वेतन दिया जाता है इन डॉक्टरों को सार्थक एप के जरिए अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना होता है यदि सार्थक एप की जांच कर उनकी उपस्थिति और लोकेशन देखी जाए तो बहुत कुछ क्लियर हो सकता है बरहाल ग्रामीण क्षेत्रों मेंऐसे कई गरीब मासूम बच्चे होंगे जो स्वास्थ्य परीक्षण के अभाव में इलाज से वंचित है संबंधित जिम्मेदार सीबीएमओ संदीप केरकेट्टा द्वारा टीम को मॉनिटर नहीं किया जाता है इसको मॉनिटर करने वाले सीबीएमओ डॉ संदीप किरकेट्टा भी दोषी हैं जो डॉक्टर से प्रतिदिन का अपडेट नहीं लेते हैं।

**इनका कहना है**

आपने मुझे जानकारी दी है। हम जांच करेंगे यदि वह अनुपस्थित थे तो प्रतिवेदन बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजेंगे।

**डॉ संदीप केरकेट्टा, सीबीएमओ सोहागपुर**

# कांग्रेस ने दिया पर्याप्त मूंग खरीद का मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले शनिवार को कांग्रेस ने कृषि उपज मंडी में मूंग की फसल खरीदी में गड़बड़ी में सुधार और मंडी में खरीद के दौरान होने वाली अव्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार सुनीता साहनी को दिया है। ज्ञापन में उल्लेखित मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी कांग्रेस ने दी।

ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की है कि मूंग की खरीदी मात्रा जो कि वर्तमान में 8 क्विंटल प्रति हेक्टेयर ली जा रही है, उसे बढ़ाकर पिछले वर्ष की तरह 16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की जाये। प्रतिदिन मूंग की खरीदी की मात्रा 25 क्विंटल से बढ़ाकर 40 क्विंटल की जाये। अभी धान की बोवनी का समय है किसानों को पैसों की आवश्यकता है इसलिए मूंग का भुगतान शीघ्र किया जाये। एफएक्यू के नाम पर किसानों को ज्यादा परेशान न किया जाये। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि किसानों के हित में उपरोक्त मांगों को शीघ्रता से अलम में लाया जाये जिससे कि बारिश के मौसम में अन्नदाता परेशान न हों। अन्यथा हमें किसानों के समर्थन में शांतिपूर्ण आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता चंद्रगोपाल मलैया, मुकेश गांधी, भोला कलोसिया, सोनू बकोरिया, प्रहलाद आठनेरे, पूर्व पार्षद नीलेश मालोनिया, गौरव गोल्डी चौधरी, संजय धर, रवि चौधरी, राकेश चंदेले सहित अनेक नेता मौजूद रहे।

इस संबंध में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मयूर जायसवाल का कहना है कि हमने मंडियों में मूंग की खरीद के दौरान होने वाली गड़बड़ी और किसानों से पर्याप्त मूंग की खरीद न होने पर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से दिया है। मंडी में अव्यवस्था से भी प्रशासन को अवगत कराया है। हमें सुधार का आश्वासन मिला है।

वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय का कहना है कि कांग्रेस ने मूंग खरीद में गड़बड़ी के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। खरीद पर्याप्त नहीं हो रही है। ज्ञापन में किसानों के हित में सरकार से जल्द निर्णय लेकर सुधार की मांग की गई है।

### खबर का असर: पार्क का उठाया कचरा, की सफाई

**इटारसी।** शनिवार के अंक में हरिभूमि ने कमला नेहरू पार्क की अव्यवस्थाओं की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के बाद शनिवार को नगर पालिका सहित पार्क की देखरेख करने वाले ठेकेदार ने पार्क में पसरी गंदगी को साफ करवाया और पूरे पार्क की सफाई करवाई। विदित हो हरिभूमि हमेशा ही जन सरोकार के मुद्दे उठाता आया है।



# कायाकल्प योजना से शहर में 3 हजार पौधे रोपित कर संरक्षित करेगी नगर पालिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नप के द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो को कायाकल्प योजना के अंतर्गत काफी लंबा चौड़ा किया जा रहा है जिसमें विशेष नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है निर्माण के दौरान लोगों ने अतिक्रमण करने के उद्देश्य से कुछ पेड़ लगाए हुए थे जिन्हें नगर पालिका के द्वारा हटाया जा रहा है। का कुछ लोगों के द्वारा विरोध किया जा रहा था इस विषय में नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने एक कार्यक्रम के दौरान मंच से घोषणा की नगर पालिका के द्वारा जितने पौधे काटे गए हैं उनसे डबल पेड़ लगाए जाएंगे। तथा उन्होंने कहा कि 3000 पेड़ लगाए जाएंगे और उन्हें पूरी व्यवस्था के साथ सुरक्षित रखा जावेगा। पहला मौका है जब नगर पालिका परिषद के द्वारा 10 से 15 फीट लंबे पौधे लाकर लगाए गए हैं जो सिर्फ एक मिसाल बनकर रह जाएंगे क्योंकि इतने बड़े पौधे किसी के द्वारा नहीं लगाए गए हैं जिन्हें सूखने का कोई सवाल ही नहीं उठाता है इसके लिए अध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है जो प्रतिदिन पेड़ों की देखरेख पानी खाद आदि की व्यवस्था करेंगे इस दौरान सांसद दर्शन सिंह चौधरी विधायक ठाकुरदास नागवंशी माधव दास अग्रवाल अरविंद राय पवन वालिया प्रशांत रघुवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर राजा भैया आदि मौजूद रहे।



# विवादित भूमि पर रिसीवर हुए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

शोभापुर के पास रणमोथा ग्राम में दो पक्षों में कृषि भूमि को लेकर काफी लंबे समय से विवाद चला आ रहा है जिसमे भूमि स्वामी और अन्य के बीच विवाद के चलते अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष 145 का प्रकरण दर्ज हुआ था। प्रकरण दर्ज होने के बाद अनुविभीय अधिकारी ने उक्त विवादित भूमि पर नायब तहसीलदार को रिसीवर नियुक्त किया था। रिसीवर नियुक्त करने के बाद शोभापुर ग्राम पंचायत सभागार में उक्त भूमि की नीलामी प्रक्रिया दोपहर 12 बजे के आसपास शुरू हुई। नीलामी की प्रक्रिया तहसीलदार अलका एक्का की उपस्थिति में अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में संपन्न हुई। शासन द्वारा रणमोथा स्थित भूमि खसरा नंबर 160/2 रकबा 1.744 हेक्टेयर की शासकीय बोली 1 लाख 4 हजार निर्धारित की गई थी। नीलामी की प्रक्रिया में 4 लोगो ने हिस्सा लिया ।1 लाख 4 हजार से शुरू हुई बोली 1 लाख 40 हजार में संपन्न हुई। सबसे अधिक बोली बोली कमल सिंह रामगोपाल पुरबिया ने लगाई और निर्धारित शुल्क जमा कर जमीन को वर्ष भर के लिए शासन के शर्तानुसार शिकमी नामा लिया। बोली में अन्य तीन लोगो में रूपक बाहेती कृष्ण कुमार बाहेती , रामजी कृष्ण कुमार पुरविया, राधेश्याम चंदन सिंह पुरबिया इत्यादि ने हिस्सा लिया।



# लायंस क्लब द्वारा कॉलेज में किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

वर्तमान में संपूर्ण देश में पर्यावरण को बचाने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भी एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत हर जगह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, इसी तारतंभ में माखननगर की सामाजिक संस्था डिस्ट्रीक्ट 3233 जी लाइंस क्लब इंटरनेशनल के द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया जा रहा है। स्थानीय माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में लाइंस क्लब के नव नियुक्त अध्यक्ष ला .संजय वर्मा सदस्यों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

# भंडारण केंद्र मार्कफेड में अधिकारियों द्वारा किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

भंडारण केंद्र मार्कफेड पिपरिया में अधिकारियों के द्वारा पौधारोपण के कार्यक्रम को आयोजित करते हुए धरती मैया को हरियाली की चादर ओढ़नी का कार्य किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भंडारण केंद्र प्रभारी भारत सिंह निमोद वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली सूर्यवंशी कृषि विकास अधिकारी विष्णु सिंह उनके सुश्री रेणुका की सभ्यता महोबिया शुभम नायक विकास पटेल मोहित अय्यर पीयूष सोलंकी हरदास सिसोदिया सहित ऑपरेटर विपणन संघ दीक्षा साहू अभिषेक पटेल राजकुमार सोहन रवि लाल आदि की उपस्थिति में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। नमो रानी बताया कि बरसात होने के कारण धरती मैया को हरियाली की चादर उड़ने के लिए यह मुख्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विपणन संघ के द्वारा बहुत ही खूबसूरती और उमंग के साथ गोदाम कैंपस में लगभग 50 पौधे लगाए गए जिन मुख्य रूप से आम के कटहल के अशोक जामुन और अमरूद के पौधों को बड़ी सुंदर ढंग से लगाया गया मुख्यालय के लिखित आदि संसार पौधारोपण किया गया।



# बच्चों संग मनाया जन्म दिवस, किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी के नालंदपुरम वार्ड की आँगनबाड़ी में शनिवार को अक्षत मांडले का चौदहवा जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ बच्चों संग मनाया। इस अवसर पर फलदार पौधों को एक पेड़ माँ के नाम की तर्ज़ पर पौधरोपण किया जिनमें बॉम्बे ग्रीन आम, कटहल, इत्यादि क़िस्म के स्वस्थ पौधों का रोपण हुआ । अक्षत ने आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के लिये कुछ उपहार भेंट दिये वार्ड की महिलायें भारी संख्या में उपस्थित रहीं उन्होंने कहा कि आज का जन्म दिवस ऐतिहासिक है नई सोच नई दिशा एवं पर्यावरण का ध्यान रखते हुए कार्यक्रम किया।

# अमावस्या तिथि पर एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

अमावस्या तिथि पर एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत वार्ड नंबर 1मे फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया भाजपा नगर मंत्री पूर्णिमा जोशी ने कहना है कि जिस तरह हम अपनी मां का ख्याल रखते हैं इस तरह धरती मां का भी ख्याल रखना जरूरी है थोड़ी देर ऑक्सीजन देने वाले डॉक्टर को हम पैसे देकर भगवान मानते हैं जबकि जीवन भर मुफ्त में ऑक्सीजन देने वाले पेड़ की यहां कदर नहीं करते जिस वजह से पृथ्वी पर रहने वाले जीव जंतु एवं मनुष्य जीवन घटता जा रहा है और बीमारियां बढ़ती जा रही है इस पौधरोपण में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता आदरणीय नीलकमल उपाध्याय जी, उर्मिला केतवास, मधु मौर्य, सुमन मौर्य,भाजपा महिला मोर्चा मंत्री पूर्णिमा धर्मराज जोशी आकाश उपाध्याय भैया एवं कृपा शंकर केतवास की उपस्थित रहे।



### पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान बोले सांसद दर्शन सिंह...

# दिग्विजय की अंधकारमय नीति को शिवराज ने दिया उजाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

सांसद दर्शन सिंह चौधरी का शोभापुर की जमीं पे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर के माध्यम से प्रथम नगर आगमन हुआ। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर स्कूल प्रांगण में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत अनेकों पौधे रोपित किए । पौधा रोपण कार्यक्रम के बाद शाला परिसर में आयोजित मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से सांसद चौधरी का राज्य शिक्षक संघ के बैनर तले स्वागत हुआ । स्वागत बेला के उपरांत विद्यालय प्रबंधन द्वारा सांसद श्री चौधरी से मांग रखी कि छात्राओं की संख्या अनुसार शासकीय भवन में अपेक्षाकृत कम कमरे हैं । सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए ना कोई हाल है ना ही टीन शेड हैं अतः उपरोक्त निवेदन स्वीकार करते हुए छात्राओं की विकट समस्या का निदान करें ।इस पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने स्कूल प्रबंधन को आश्वस्त किया कि ये समस्याएं हमारी है हम इनका हल सबके सहयोग से करेंगे लेकिन आपसे भी हमारी एक अपेक्षा है कि आप शोभापुर में ऐसा स्कूल बनाइए जिसमे शिक्षा की गुणवत्ता ऐसी हो कि प्राइवेट स्कूलों से निकलकर छात्रों के प्रवेश की कतार लग जाए ।उन्होंने उदाहरण के माध्यम से समझाते हुए कहा की सरस्वती का वाहन हंस है तो दूध और पानी को अलग करने का गुण रखता है तो वहीं लक्ष्मी का वाहन उल्लू है जिसमे दिन में दिखाई नहीं देता है। अतः आप लक्ष्मी की तरफ मत भागे सरस्वती की आराधना की ओर अग्रसर रहे। उन्होंने शिक्षको की दुर्दशा पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को कोसते हुए कहा कि 2003 , 2007 और 2013 में शिक्षको के वेतन की जो बदतर स्थिति थी उसे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बहाल की थी । शिक्षक संघ के संघर्ष को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आपमें से कोई शिक्षको के लिए जेल गया है क्या ? जब कोई उत्तर नही मिला तो बोले मैं इकलौता आंदोलनकारी हूं जो शिक्षको के हित के लिए 4 बार जेल गया हूं ।इस दौरान माधव दास अग्रवाल, सविता दीवान शर्मा , माया शैलेंद्र दीवान , सुरेश पटेल , सतपाल पलिया, ललित पटेल , , अंजनी पटेल , उमेश ठाकुर , कैलाश पुरोहित , शरद दुबे , केशव जाजू , विनीत भार्गव , नरेंद्र शर्मा , कमलेश आचार्य , चंद्र गोपाल भार्गव, सचिन पूर्विया , शैलेंद्र पटेल इत्यादि शामिल रहे। संचालन चंद्र कांत पटेल ने किया।



### चौरिया कुर्मी महासभा प्रतिभाओं को करेगी सम्मनित

**इटारसी।** चौरिया कुर्मी महासभा मप्र/महाराष्ट्र द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को दोपहर 12 बजे से साईंकृष्णा रिसोर्ट इटारसी में रखा गया है। चौरिया कुर्मी महासभा के अध्यक्ष नवीन पटैल ने बताया कि समाज की 150 से अधिक सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इसमें कक्षा दसवीं व बारहवीं कक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा उच्च शिक्षा, खेलकूद और सामाजिक गतिविधियों में बेहतर सेवा दे रहे सामाजिक सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में भोपाल, इंदौर उज्जैन, नर्मदापुरम, बैतूल, अमरावती, वर्धा, नागपुर की प्रतिभाएं व अनेक सामाजिक जन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# नीम, आंवला, वेलपत्र सहित अन्य पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड 20 में इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के मतदान केन्द्र पर शक्ति नगर कालोनी में भाजपा के पितृपुरूष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि एक देश एक विधान एक संविधान का नारा देने वाले डॉ. मुखर्जी का देश की अखंडता के लिए विशेष योगदान रहा।

जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 जून पर्यावरण दिवस पर बौद्ध जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगाकर देश के सभी नागरिकों से आव्हान किया है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु एक-एक पौधा लगायें। उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम से चल रहे इस अभियान में शक्ति नगर बूढ़ी माता मंदिर के पास पार्क में कालोनी के बुजर्गों ने पौधरोपण किया। इस दौरान संकल्प दिलाया कि जो पौधे हमने लगाये हैं, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी होगी।

कार्यक्रम का संचालन संजय युवने ने आभार संदीप सोनकर ने किया। इस अवसर पर 25 के पार्षद शुभम गौर, आशीष मालवीय, सोनू गौर, बसंत चौहान, आकाश यादव, यशोदा युवने, शरद चौरे, नंदनी शुक्ला, विमला अग्रवाल, लक्ष्मी कौरव, गिरजा मालवीय, सुषमा मालवीय, रेखा अग्निहोत्री, नंदा सुतार, ममता भार्गव, स्नेहा शुक्ला, रेखा सोनी आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के 6 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने गत दिवस मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरूद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने वृत हरदा के ग्राम कमताड़ा व मसनगांव, वृत खिरकिया के ग्राम खुदिया, राक्त्या, सोमगांव, दीपगांवकला व जायसवाल ढाबा छीपाबड़ में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 45 केन व 3 बॉटल अंग्रेजी बीयर व 40 पाव देशी प्लेन शराब जप्त कर 6 प्रकरण दर्ज किए। जप्त माल का अनुमानित बाजार मूल्य 9190 रूपये है।

### जहरीली दवा पीने से महिला की मौत

**हरदा।** जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम मादला में रहने वाली एक 45 वर्षीय महिला ने जहरीली दवाई का सेवन कर खुदकुशी कर ली। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मांदला के खेड़ा मोहल्ले में रहने वाली मृतिका शारदाबाई के पति श्रीराम कोरकू ने पुलिस को बताया कि उनके दो बेटे एक बेटी हैं। बड़ा बेटा हरेराम बाजनिया में मजदूरी का काम करता है। वहीं छोटा बेटा मनीष कासरनी में मजदूरी का काम करता है। जिसकी पत्नी गांव के किसी अन्य युवक के साथ चली गई है। इसी बात के टेंशन में उसने शुक्रवार शाम को जहरीली दवाई का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने के बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर आए थे। जहां रात करीब एक बजे के आसपास उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### मोबाइल छीनकर भाग रहे 3 युवक गिरफ्तार

**हरदा।** जिले में शुक्रवार को हंडिया थाना पुलिस ने एक युवक से मोबाइल छीनकर भागने वाले 3 आरोपियों को चंद घंटे में पकड़ने में सफलता हासिल की है। हंडिया थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम रहटाखुर्द का रहने वाला अमन पिता अशोक नागले (17) साल अमावस्या पर नर्मदा स्नान के लिए आया हुआ था। इसी दौरान उसके हाथ में रखा मोबाइल अज्ञात युवकों ने झटका मारकर उसके हाथों से छीनकर भाग गए। फरियादी अमन की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद से फरियादी के बताए हुलिए पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने हंडिया के भारत पेट्रोल पंप के पास से आरोपी समीर पिता महबूब खान (17) साल निवासी हंडिया,राज पिता लक्ष्मीकांत मेहतर (17) साल निवासी गुर्जर बोर्डिंग के पास हरदा और रुद्र उर्फ रुद्रांश पिता राम निवास बलाही (18) निवासी निमनपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपियों ने मोबाइल छीनकर भागने की बात कबूल की गई है।

### ग्राम झाड़बीड़ा में हुआ पौधरोपण

**रहटगांव।** करीबी ग्राम झाड़बीड़ा में ग्राम पंचायत ने एक संस्था के साथ मिलकर संयुक्त रूप से एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। जिसमें हाई स्कूल परिसर, मुक्तिधाम परिसर, मुक्तिधाम मार्ग, सहित मुख्यमार्ग, पंचायत परिसर, में करंजी, नीम, पीपल, आम, के पौधे रोपित किए। इस दौरान ग्राम पंचायत उपसरपंच देवीसिंह राजपूत,रोजगार सहायक लादू राम वर्मा,नवांकुर समिति अध्यक्ष राजेंद्र कलम,बालू पटेल,दिपक वर्मा, राम पटेल,विनय गौर,सहित ग्रामीण और समिति सदस्य मौजूद रहे।

### 24 घंटों में जिले में 20.4 मिमी औसत वर्षा हुई

**हरदा।** जिले में गत 24 घंटों में 20.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत 24 घंटे में हरदा तहसील में 31.7 मिमी, टिमरनी में 15.6 मिमी, खिरकिया में 8.8 मिमी, रहटगांव में 24 मिमी व सिराली में 22 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 151.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 201.2 मिमी, टिमरनी में 107.4 मिमी, खिरकिया में 88 मिमी, रहटगांव में 208.9 मिमी व सिराली में 152.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

### निगम प्रशासन केवल यूनी पोल्स होर्डिंग लगाने की ही अनुमति जारी करेगा

# शहर में अब होर्डिंग के स्थान पर लगेंगे यूनी पोल्स, 75 लोकेशन सिलेक्ट की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

शहर में अब होर्डिंग की जगह यूनी पोल्स लगेंगे। इसके लिए नगर निगम ने 75 लोकेशन सिलेक्ट किए हैं। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने बताया नगर निगम अधिनियम में आउटडोर मीडिया रूल्स के तहत 75 लोकेशन निगम प्रशासन ने चिन्हित की है जिसमें जनसुरक्षा और कोई घटना घटित नहीं हो और वह सुरक्षित स्थान हो ऐसे स्थानों पर केवल 75 यूनी पोल्स की नए सिरे से निगम से विधिवत अनुमति लेना होगी। वह भी इंजीनियर से अप्रूवल होने के बाद ही अनुमति दी जाएगी। 75 यूनी होर्डिंग लगाने की अनुमति का काम भी निगम की एमआईसी बैठक में प्रस्ताव को मंजूर कराकर शुरू किया जाएगा। जिन जगहों पर 75 यूनी पोल्स ;होर्डिंग लगेगें निगम प्रशासन ने उनका भी सर्वे करा लिया है। जन सुरक्षा को देखते हुए निगम प्रशासन केवल यूनी पोल्स होर्डिंग लगाने की ही अनुमति जारी करेगा, मतलब किसी प्रकार की वजनदार फ्रेम या वजनी सामान का उसमें उपयोग नहीं किया जाएंगा और इसके साथ ही वह तेज हवा, आंधी से गिरे नहीं इसका भी ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया आउटडोर मीडिया रूल्स के तहत निजी मकान और ऑफिस पर किसी भी प्रकार का विज्ञापन एडवर्टाइजमेंट करने से पहले निगम प्रशासन से बकायदा अनुमति लेना पड़ेगा। निगम द्वारा तय किए गए शुल्क राशि के भुगतान करने के बाद ही मकान, प्रतिष्ठान पर एडवर्टाइजमेंट कर सकेंगे। दुकान के निर्धारित बोर्ड के अलावा अन्य तरीके के एडवर्टाइजमेंट की अनुमति लेकर निगम में शुल्क अदा करना होगा। इसके बाद ही दुकानदार अपनी दुकान पर दुकान का बोर्ड छोड़कर अन्य प्रकार के विज्ञापन कर सकते हैं। नियमों का पालन नहीं करने वालों को नोटिस जारी कर कार्रवाई भी की जाएंगी। निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने बताया निगम द्वारा ऐसे मकान और प्रतिष्ठान जो निगम प्रशासन को कोई शुल्क अदा नहीं कर रहे हैं और विज्ञापन का प्रचार प्रसार उनके घर व दुकान में किया जा रहा है, ऐसे मकानों का भी सर्वे कंपनी से सर्वे कराया गया है। उन सभी को नियम अनुसार अनुमति लेने को कहा है। निगम द्वारा तय की गई राशि का भुगतान करके ही वह मकान व प्रतिष्ठान पर एडवर्टाइजमेंट कर सकेंगे।

### *जलकर बकायादारों के खिलाफ वसूली को लेकर नगर निगम ने शिकंजा कसना शुरू किया, 4 करोड़ वसूलना बाकी*

*बुरहानपुर। नगर निगम ने जलकर बकायादारों के खिलाफ वसूली को लेकर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की जलकर वसूली पत्रक का अवलोकन करने पर पाया गया कि वर्ष 2023-24 में जलकर वसूली बहुत ही कम है। 2023-24 के पूर्व के बकाया व वर्तमान वित्तीय वर्ष के जलकर की शत प्रतिशत वसूली करने, अवैध नल कनेक्शन से राशि वसूल कर वैध करने की कार्रवाई का एक अभियान सोमवार से चालू किया जाएगा। इसे लेकर शनिवार को नगर निगम एमआईसी हॉल में नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने सभी सेक्टर सुपरवाइजर, इंजीनियर, टैक्स मोर्हरिर, सहायक राजस्व निरीक्षक, पानी छोड़ने वाले कर्मचारियों की मीटिंग ली। जिसमें शहर के सबसे ज्यादा जलकर तिलक वार्ड, आलमगंज वार्ड, दाउदपुरा वार्ड, शनवारा वार्ड, खानका वार्ड, राजपुरा वार्ड, डाकवाड़ी वार्ड, राजीव वार्ड, इंदिरा कॉलोनी, गांधी कॉलोनी वार्डों में है। अभियान 30 सितंबर 24 तक चलेगा। बैठक में आयुक्त ने जलकर की वसूली को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने बकायादारों से जल कर की 4 करोड़ की बकाया राशि वसूलने को कहा। साथ ही अवैध नल कनेक्शन काटने के भी निर्देश दिए। इसके लिए दल का गठन किया गया है जिसमें ज्योति सुनारिया सहायक आयुक्त, शेख इसाक प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक, वार्ड क्रमांक 01 से 24 के लिए व शशिकांत पवित्रे, राजस्व उपनिरीक्षक वार्ड 25 से 48 के लिए निरंतर वसूली दल के सदस्यो के साथ समन्वय कर वसूली कार्य करेंगे। बैठक में आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, उपयंत्री गोपाल महाजन, अशोक पाटिल, राजस्व अधिकारी शशिकांत पवित्रे, निगम इंजीनियर, सेक्टर सुपरवाइजर, सहायक राजस्व निरीक्षक, निगम के अधिकारी कर्मचारी।*

## दो सड़क हादसे में हुए चार युवक घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

टिमरनी थाना क्षेत्र के चारखेड़ा के पास दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार युवक दुर्घटना का शिकार हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया है। शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे के आसपास चारखेड़ा के सरकारी स्कूल के पास के मोड़ पर एक पिकअप ओर बाइक की भिड़ंत हो गई। जिसमें खंडवा जिले की खालवा तहसील के अंतर्गत आने वाले दग्गड़खेड़ी निवासी दो चचेरे भाई घायल हो गए। उपचार के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम दग्गड़खेड़ी के रहने वाले यश पिता मुकेश साहू उम्र 23 साल एवं उसका चचेरा भाई नीरज पिता बालमुकुंद साहू उम्र 22 साल दोनों अपने बड़े भाई की शादी की पत्रिका बांटने के लिए बाइक से शिवपुर जा रहे थे। इस दौरान टिमरनी से हरदा की ओर आ रही पिकअप वाहन एमपी 04 जेड जी 6013 के चालक ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। जिसके चलते दोनों भाइयों के पैरों में फ्रैक्चर हो गया है। हादसे के बाद पिकअप का चालक मौके से फरार हो गया। दूसरी घटना में शुक्रवार रात करीब दस बजे चारखेड़ा के रेलवे गेट से पहले बैंक के सामने सड़क पर बैठे मवेशी को बचाने में दो युवक घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मालोना निवासी विकास पिता गणेश डोंगरे उम्र 19 साल और रोहित पिता अरविंद योगी उम्र 17 साल बाइक में पेट्रोल डालकर अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान एक साइड पर मवेशी ओर दूसरी साइड पर चौपहिया वाहन आने के चलते उसकी बाइक संतुलन बिगड़ने से से गिर गई। जिसके चलते दोनों के सिर में चोट लगी है। जिसमें विकास को गम्भीर चोट लगने से डॉक्टर ने भोपाल जाने के लिए कहा है। फिलहाल दोनों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

## खदान क्षेत्र के आसपास किया पौधरोपण




**सिराली।** एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान के तहत खनिज विभाग द्वारा स्वीकृत खदान ग्राम दूंगाल्या में पट्टेदार पवन मिश्रा द्वारा खदान के आसपास फलदार और छायादार पोधे नीम, आम, जामुन, बादाम, गुलमोहर, करंजी का रोपण किया गया। साथ ही खदान क्षेत्र पर तार फेंसिंग की गई एवं आवश्यक सूचना बोर्ड लगाए गए जिससे कोई दुर्घटना ना हो।

# सरकार के विरोध में भाकिसं ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



भारतीय किसान संघ के चल रहे अनिश्चित कालीन आंदोलन के तीसरे दिन रहटगांव तहसील द्वारा धरना दिया गया। धरनास्थल पर सरकार की सद्बुद्धि के लिए गायत्री महायज्ञ का आयोजन रखा गया।

जिसमें गायत्री परिवार के डा,रघुवीर प्रसाद गौर द्वारा मंत्रोच्चार कराकर गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। सरकार की सद्बुद्धि हेतु प्रार्थना की गई जिससे शीघ्रता पूर्वक किसानों की मांग को पूरा किया जा सके। सभी सदस्यों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर सरकार का विरोध किया, इसके पश्चात नर्मदापुरम जिले से किसान संघ के सदस्यों ने उपस्थित होकर भी आंदोलन में समर्थन दिया एवं आठ जुलाई से नर्मदापुरम में भी समर्थन मूल्य को लेकर आंदोलन प्रारंभ होगा। कन्नौद जिले में भी आंदोलन प्रारंभ होगा। ऐसा निर्णय लिया गया। नर्मदापुरम से आंदोलन में प्रांतीय सदस्य सूरजवली जाट, जगदीश पाटिल, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश ,रामेश्वर जाट तहसील उपाध्यक्ष सिवनी मालवा उपस्थित हुए। आज टिमरनी तहसील द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## संदीप को मिला महामंत्री का दायित्व



**हरदा।** अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा द्वारा क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों के संचालन के लिए दायित्व सौंपे है। महासभा के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने वरिष्ठ संरक्षकों की सहमति से समाजसेवी संदीप पाराशर को महामंत्री नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर मधुकर बिल्लौरे, प्रेमनारायण पाराशर, किशोर शुक्ला, मोहन पाराशर, महेंद्र पटेल, राजेश राजवैद्य, संजय काशिव, दीपक शुक्ला, नवनीत पाराशर, असीम पारे सहित अन्य ने हर्ष जताया है।

# मकान में लगे ताले नहीं टूटे फिर भी हो गई चोरी, जांच में जुटी पुलिस

### सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गोलापुरा में हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गोलापुरा के एक सुने मकान पर चोरों ने धावा बोलकर घर में रखे जेवरात एवं नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की है। जिसमें चोरी की अजीब सी वारदात होना पाया गया है।

जिस मकान में चोरी हुई है उसके सामने और पीछे की तरफ एवं चढ़ाव पर लगे ताले लगे हुए मिले हैं। लेकिन घर के अंदर रखी गोदरेज को खोलकर उसका लॉकर तोड़कर उसमें रखे जेवरात एवं नगदी पर चोरों ने हाथ साफ किया। पुलिस ने घटना की जांच के लिए डॉग स्क्वायड को बुलाया जो घटनास्थल से खेड़ीपुरा मस्जिद तिराहे के पास तक गया। जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड नंबर 11 के गोलापुरा में रहने वाले होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ आशीष तिवारी अपनी पत्नी पूजा तिवारी के साथ बीती 25 जून से घर में ताला लगाकर अमरनाथ यात्रा पर गए हुए थे। शनिवार सुबह ताप्ती गंगा एक्सप्रेस से अपने घर आए और ताला खोलकर अंदर गए तो घर के दूसरे कमरे में रखी अलमारी खुली मिली। डॉ तिवारी की पत्नी पूजा तिवारी ने बताया कि उन्हें घर में रखे सोफे भी उनकी जगह से अलग दिखाई दिए। वहीं गोदरेज की अलमारी खुली मिली और उसके लॉकर का ताला टूटा मिला। जिसमें रखें चार जोड़ी सोने के टॉप्स, चार अंगूठी, तीन जोड़ी पायल, दो मंगलसूत्र एवं करीब पच्चीस हजार रुपए नगदी गायब मिले। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि मकान में कितने की चोरी हुई है यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। मकान मालिक का कहना है कि अंदर बाहर के ताले बंद मिले और कमरे में रखी अलमारी का लॉकर टूटा मिला है। इस बात को लेकर जांच की जा रही है कि आखिर चोरों ने बिना ताला तोड़े कैसे घर में प्रवेश किया।

## एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत रोपे गए 400 पौधे




**हरदा।** जिले के गठन दिवस के अवसर पर एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत बिरजाखेडी पंप हाउस नगर पालिका क्षेत्र हरदा में लगभग 400 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अदित्य सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, नगरपालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार, अन्य नगरपालिका कर्मचारी गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार साथी उपस्थित थे।

## किशोर प्रेरणा मंच प्रतिनिधि मंडल भोपाल में मिलेगा मुख्यमंत्री व संस्कृति मंत्री से

**खंडवा।** किशोर संस्कृत प्रेरणा मंच का प्रतिनिधि मंडल शीघ्र ही भोपाल जाकर मुख्यमंत्री मोहन यादव व संस्कृति मंत्री से मिलेगा। मंच के प्रवक्ता सुनील जैन व सचिव नारायण बाहेती ने बताया कि मंच के अध्यक्ष रणवीर सिंह चावला के साथ सुरेंद्र सिंह सोलंकी, अनिल बाहेती, सुनील जैन, नारायण बाहेती ने सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के साथ ही मांधाता विधायक नारायण पटेल, पंधाना विधायक छाया मोरे से मिलकर किशोर कुमार के जन्मदिन पर होने वाली किशोर नाइट जिसमें पार्श्वगायक श्रीजीत गीतों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही गत वर्ष की तरह किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच द्वारा गायन के क्षेत्र में प्रसिद्ध गायक का चयन कर किशोर गौरव सम्मान से सम्मानित किए जाने वाले कार्यक्रम में आने का अनुरोध किया। सांसद ने मंच के प्रतिनिधि मंडल को भोपाल में आने को कहा। भोपाल में सांसद पाटिल, मंत्री विजय शाह, खंडवा विधायक कंचन तनवे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, पंधाना विधायक छाया मोरे ने साथ चलकर मुख्यमंत्री से मिलने हेतु अपनी सहमति दी। मुख्यमंत्री व संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र भावसिंग लोधी से मिलकर खंडवा गौरव दिवस व किशोर नाइट आयोजन को भव्य बनाने व कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित करेंगे।

# सिंधी समाज का चालीहा पर्व 16 से, 40 दिन रखेंगे उपवास



**खंडवा।** श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल के तत्वावधान में सिंधी समाज द्वारा 16 जुलाई से चालीहा पर्व बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने हेतु तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष मोहन दीवान की अध्यक्षता में सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में हुआ। यह जानकारी देते हुए मंडल सचिव हरीश आसवानी ने बताया कि देश में चौमासे (वर्षा ऋतु) के दौरान सुख शांति एवं हरियाली, खुशहाली की कामना के साथ सिंधी समाज द्वारा पूर्ण श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मंगलवार 16 जुलाई से शनिवार 24 अगस्त तक 40 दिन कठिन उपवास चालीहा साहब रखें जाना प्रारंभ होंगे। इस दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में समाजजन पूर्ण उत्साह से शामिल होंगे। 40 दिनों तक उपवास के दौरान सिंधी समाज निरंतर जल देवता वरुणावतार इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जी की पूजा आराधना में लीन रहेगा। श्री झूलेलाल समर्थ पैनल एवं श्री पीपलेश्वर झूलेलाल भजन मंडली के सदस्यों द्वारा प्रातःकाल एवं संध्या भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ ही पूजा, अखा, आरती एवं अरदास संपन्न होगी। मनोहरलाल सबनानी एवं रवि गिदवानी ने पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि माता बहनों और समाजजनों द्वारा मंगलवार 16 जुलाई से चालिहा उपवास आस्था एवं श्रद्धा पूर्वक रखे जाएंगे। इस दौरान उपवासी द्वारा सात्विक जीवन व्यतीत किया जाता है। भूमि पर शयन एवं नाखून बाल नहीं कटवाए जाते हैं और बिना तेल का भोजन ग्रहण किया जाता है। हर मनुष्य को सुख शान्ति एवं धन की प्राप्ति हेतु निर्विघ्न उपवास संपन्न होने की चेस्टा करना चाहिए।

बैठक के दौरान मंडल के मोहन दीवान, मनोहर सबनानी, नंदलाल भोजवानी, किशन चंद कोटवानी, धरमदास उधलानी, हरीश आसवानी, रवि गिदवानी, पवन डेम्बरा, निर्मल मंगवानी, जितेंद्र उदासी, पवन वासवानी, राकेश पंजाबी, घनश्याम दास संतवानी, अशोक नावानी, अमित जिंदानी, किशोर (लाला) राजानी, विक्रम सहजवानी आदि उपस्थित थे।

### बैठक में जनप्रतिनिधियों को अभ्यारण्य का प्रेजेंटेशन दिखाया

# ओंकारेश्वर परिक्षेत्र को धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा, बनेगा वन अभ्यारण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

केंद्र और प्रदेश की सरकारो के सहयोग से खंडवा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में ओंकारेश्वर और उसके आसपास के क्षेत्र को धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि उज्जैन महाकाल की तर्ज पर ओंकारेश्वर तीर्थ को भी केंद्र और प्रदेश की सरकार द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से सुंदर बनाया जा रहा है। आदि शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित होने के बाद से ही क्षेत्र में कई कार्य किए जा रहे हैं। मप्र वन विभाग द्वारा मांधाता विधानसभा क्षेत्र में ओंकारेश्वर परियोजना के बैकवाटर स्थित वन क्षेत्र में ओंकारेश्वर वन अभ्यारण्य बनाने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसकी कार्य योजना भी तैयार की जा चुकी है। शनिवार को वन विभाग के कार्यालय में आयोजित बैठक में



जनप्रतिनिधियों को अभ्यारण्य का प्रेजेंटेशन दिखाया गया और विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, पंधाना विधायक छाया मौरे और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। डीएफओ राकेश डामोर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को अभ्यारण्य की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहमति प्रदान की। कार्य के लिए ग्राम सभा की सहमति प्राप्त करने के बाद आगे की कार्य योजना तैयार की जाएगी। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि ओंकारेश्वर महादेव के रूप में प्रसिद्ध 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग हमारे क्षेत्र में स्थित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ओंकारेश्वर परिक्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस क्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट भी स्थापित किया जा रहा है, जहां बिजली उत्पादन शुरू हो चुका है। आदि शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित होने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा बैकवाटर स्थित वन क्षेत्र में अभ्यारण्य का निर्माण क्षेत्र के विकास को गति देगा और बेरोजगारों को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने यह भी कहा कि ऑक्सीजन की कमी को दूर करने और पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया गया है। इस महा अभियान से जुड़कर पौधारोपण करना और उन्हें पुत्र की भांति पालन पोषण करना हमारी जिम्मेदारी है। इससे हम प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में सफल होंगे, जिससे अच्छी वर्षा के साथ-साथ पेड़ों के माध्यम से हमें ऑक्सीजन भी प्राप्त होगी। बैठक में खंडवा कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, सीसीएफ रमेश गनावा, डीएफओ राकेश डामोर और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बाल संवर्धन एवं संरक्षण के लिए जागरुकता शिविर संपन्न



**हरदा।** जिले में बाल संवर्धन एवं संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को हरदा स्कूल ऑफ़ एजुकेशन हरदा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश गोपेश गर्ग ने उपस्थित विद्यार्थियों को नालसा योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अन्य विधिक विषयों यथा किशोर न्याय अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, मोटर व्हीकल अधिनियम आदि कानूनी विषयों के बारे में भी जागरूक किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के विधि से संबंधित सवालों एवं जिज्ञासाओं के विस्तारपूर्वक जवाब दिए। उन्होंने कहा कि विधि के क्षेत्र में अपार संभावनाएं विद्यमान है। उन्होंने विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु भी प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी अपर्णा लोधी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित निशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा के टोल फ्री हेल्पलाइन 15100 के बारे में उपस्थित विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जयशंकर, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।